**अपराध** | पुलिस को तीन दिन की मिली रिमांड, वारदात के संबंध में होगी पूछताछ, कट्टा बरामद करने के होंगे प्रयास

# थाईलैंड भागा था आरोपी, दुबई में भी काटी फरारी



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गुरुनानक मार्केट के पास डॉ पाल गली में एक व्यवसायी युवक को कट्टे की नोक पर धमकाने और उस पर जानलेवा हमला करने के आरोप में दिल्ली से पकड़े गए आरोपी को मंगलवार को कोतवाली की पुलिस टीम कटनी वापस ले आई है। पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरा करने के बाद हत्या के प्रयास के आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से पुलिस को तीन दिन के लिए आरोपी की रिमांड मिली है। रिमांड के दौरान पुलिस टीम आरोपी से इस बाज की जानकारी लेगी कि वारदात को अंजाम क्यों दिया गया था, उधारी किसी लिए ली गई थी, रूपए किस व्यापार से संबंधित थे, साथ ही वारदात में उपयोग किया गया कट्टा कहां है। पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपी को पकड़े जाने के बाद उससे उसका मोबाइल और पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है।

शुरुआती पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपी वारदात के बाद थाईलैंड भाग गया था, जहां कुछ दिन रहने के बाद वह वहां से दुबई चला गया। वहीं आरोपी फरारी काट रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वारदात के कुछ दिनों बाद ही लुक आउट नोटिस जारी किया था। यही वजह है कि आरोपी दुबई से दिल्ली की फ्लाइट से दिल्ली के एयरपोर्ट पर उतरा, उसे जांच के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी हिरासत में ले लिया। आरोपी के पकड़े जाने की सूचना कटनी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम दिल्ली जाकर आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लेकर वापस लाई है।

पुलिस ने बताया कि माधवनगर मेनबाजार निवासी राकेश उर्फ रॉकी मोटवानी पिता सुरेश मोटवानी (28) से 30 जनवरी की रात में विनय वीरवानी, राहुल बिहारी, करन बिहारी, केतु उर्फ नीरज रजक सहित अन्य साथियों ने मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर दिया था। हमले के कारण राकेश मोटवानी को गंभीर चोट आई थीं। पुलिस ने मारपीट की सूचना के बाद आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया था। इसी मामले कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आरोपी विनय वीरवानी फरार चल रहा था। जिसे दिल्ली एयरपोर्ट में सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा है। जिसके बाद उसे कोतवाली की पुलिस टीम वापस लाई हैं। रिमांड के दौरान और भी खुलासे होने की उम्मीद है।



# आवागमन की समस्या से मिलेगी मुक्ति, बनेगा नया पुल

**लालपुर ग्राम पंचायत में सवा 11 करोड़ की लागत से होगा निर्माण**

**नवभारत, उमरियापान।** ढीमरखेड़ा विकासखंड के सिलौंडी क्षेत्र के ग्राम सगवा लालपुर ग्राम पंचायत के बीच बना पुल पिछली बारिश में क्षति ग्रस्त हो गया था। जिसके कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सिलौड़ी मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने आवागमन की इस समस्या की जानकारी बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह को दी। विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को पत्र लिखकर क्षतिग्रस्त पुल की जानकारी देते हुए नया पुल स्वीकृत किए जाने की मांग की। साथ ही विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी को साथ लेकर भोपाल जाकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्या के साथ लालपुर पुल के नव निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने सगवा पुल ग्राम पंचायत लालपुर के में पुल निर्माण के लिए 11 करोड़ 25 लाख की राशि स्वीकृत की है। जल्द ही पुल की निविदा प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिसके बाद पुल का निर्माण कराया जाएगा। पुल की सौगात मिलने पर विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही क्षेत्रवासियों ने विधायक और मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर में

### निजी स्कूल बस के चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य

**नवभारत, कटनी।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गए निर्देश पर जिले में छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला शिक्षा अधिकारी एसएस मरावी ने सभी निजी स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के चालकों का पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार निजी स्कूल, जो छात्र-छात्राओं को लाने-ले जाने के लिए वाहन का उपयोग करते हैं, उन्हें यह तय करना होगा कि उनके सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन सही हो। सत्यापन सही पाए जाने पर ही चालक को नौकरी पर रखा जाए। इस निर्देश का मुख्य उद्देश्य भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूल संचालकों, प्राचार्यों और प्रधानाध्यापकों से इस संबंध में एक प्रमाण पत्र जल्द से जल्द कार्यालय में जमा कराने को कहा है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश लिए अंतिम तिथि 23 को

**नवभारत, कटनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक छात्र कक्षा 9वीं में और कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए वेबसाइटों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# कोतवाली पुलिस ने चाकू से हमला करने वालों को दबोचा

**जिला अस्पताल पीछे पोस्टमार्टम गृह के पास युवक को मारी थी चाकू**



**नवभारत, कटनी।** जिला कोतवाली थाना अंतर्गत जिला अस्पताल के पीछे पोस्टमार्टम गृह के पास दो एक युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात गायत्री नगर पुलिस के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हमले में उपयोग की गई चाकू को भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी आकाश विश्वकर्मा और कृष्णा खटीक हैं।

पुलिस ने बताया कि रंगनाथ थाना क्षेत्र निवासी हर्ष यादव किसी कार्य से जिला अस्पताल के पीछे बने पोस्टमार्टम गृह के पास गया था, जहां पर दो युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनो युवक फरार हो गए थे। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल हुए युवक हर्ष यादव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चाकूबाजी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने दोनों आरोपियों को गायत्री नगर पुलिया के पास से पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात के संबंध में पूछताछ की है। जिस पर आरोपियों ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण हमला किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में हमले में उपयोग की गई चाकू को बरामद कर लिया है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन का लें जायजा, मैदानी स्तर पर मिले लाभ

**जनसुनवाई का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को विजयराघवगढ़ में आयोजित जनसुनवाई का औचक निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं को सुन कर निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम को विकासखंड मुख्यालय स्तर तक पहुंचा कर समस्याओं और शिकायतों के निराकरण की अभिनव पहल की है। कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पहुंच कर जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याओं को सुनते हैं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश देते हैं। इसके पहले होता यह था कि ग्रामीण जन की जो समस्याएं अनुविभाग, तहसील और विकासखंड स्तर पर निराकृत नहीं हो पाती थी, वे मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी समस्याएं बताने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचते थे। लेकिन अब कलेक्टर लोगों के पास स्वंय जाकर उनकी शिकायतों और समस्याओं को सुनते हैं और समस्याओं के निराकरण के निर्देश देते हैं। कलेक्टर ने जनसुनवाई में पहुंचे जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अपने-अपने विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लेना तय करें। कलेक्टर ने डीईओ एसएस मरावी और डीपीसी को स्कूलों में नामांकन, साइकिल वितरण और पाठ्य-पुस्तकों के वितरण कार्य का जायजा लेने और महिला बाल विकास अधिकारी विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पांडेय को आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने और उपसंचालक कृषि और जिला वितरण अधिकारी अमित तिवारी, सहकारिता के सहायक आयुक्त को उर्वरक बिक्री केंद्र और समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द उपार्जन केन्द्र का अवलोकन करने निर्देशित किया है।

वहीं कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता और प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने 148 आवेदकों की समस्याओं को सुना और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों निर्देशित किया गया।

# क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण के लिए विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

**ढीमरखेड़ा क्षेत्र में जर्जर हालत में हैं सड़कें**



**नवभारत उमरियापान।** बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के क्षेत्रीय दौरा के दौरान समाजसेवी योगेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि ढीमरखेड़ा तहसील में पिछले वर्ष आई बाढ़ के कारण अनेकों ग्राम की सड़कें और पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है ग्रामीणों ने सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से हो रही परेशानियां की जानकारी विधायक को दी थी। जिसके बाद ग्रामीणों की समस्यायों को गंभीरता से लेते हुए विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के ढीमरखेड़ा तहसील बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क और पुलिया निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराए जाने की मांग की थी।

विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने अपने पत्र के माध्यम से बताया था कि पिछले वर्ष बाढ़ के कारण कई सड़कें और पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिसमें परसेल से घुघरा मार्ग, छोटा कछार गांव से टोपी मार्ग, छोटा कछार गांव से घुघरा, सारंगपुर से खंदवारा, कारीपाथर से मढ़ाना मार्ग, ग्राम पंचायत जिन्ना पिपरिया के पटना से चंडी माता जिन्ना पिपरिया रोड में पुलिया क्षतिग्रस्त हैं। सड़कें और पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।

विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि करही से खिरहनी खुर्द मार्ग जबलपुर जिले के बाडर तक डेढ़ किलोमीटर, हरदी मोड़ से ककराहिया मार्ग 5 किलोमीटर, सारंगपुर से सगमा मार्ग 4 किलोमीटर, दशरमन से सुनतरा मार्ग 2 किलोमीटर, करही से नैंगवा खाम्हा मुख्य मार्ग में डामरीकरण कार्य किया जाए। विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे तत्काल आवश्यक कदम उठाएं, ताकि सड़कों और पुलियों की मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूरा हो और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी नहीं हो।

# सीएम आवास की शिकायतों में लापरवाही, नोटिस जारी

**कलेक्टर ने की सरकारी कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश**



**नवभारत कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन, मूंग उपार्जन, खाद की उपलब्धता, स्कूलों में साइकिल वितरण सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए इस कार्य में और अधिक तेजी लाने और डुप्लीकेट समग्र आईडी को डिलीट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री निवास और मानवाधिकार आयोग से प्राप्त शिकायतों पर प्रतिवेदन नहीं देने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन शिकायतों पर अभी तक प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, सभी अधिकारी उन शिकायतों पर एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही प्रतिवेदन पर परीक्षण के बाद अभिमत भी दें। इसी प्रकार संभागायुक्त जबलपुर वीसी के दौरान उठे बिंदुओं पर पूरी तैयारी और जानकारी के साथ नहीं आने पर कलेक्टर ने सांची के प्रबंधक बीके मौर्या को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए सभी विभागों को हिदायत दी कि अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में शामिल हो। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों के संबंध में समुचित कार्रवाई नहीं करने और जानकारी के साथ नहीं आने पर नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए आगे से पूरी तैयारी के साथ ही बैठक में शामिल होने की हिदायत दी। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल-विकास और स्वास्थ्य विभाग को हाई-रिस्क गर्भवती माताओं की लगातार निगरानी, सभी एएनसी जांच कराने और फॉलो-अप करने निर्देशित किया। साथ ही संभावित डिलीवरी तिथि के पूर्व कॉल सेंटर के माध्यम से कॉल करने के निर्देश भी दिए, ताकि समय आने पर संस्थागत सुरक्षित डिलीवरी हो सके। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी पूरे माह खुलना तय किया जाए और इन आंगनबाड़ियों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले विभागों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शिकायतों को अटेंड कर उनके तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी डी ग्रेड वाले विभागों को शिकायतों का तेजी से निराकरण कर रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीपीग्राम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान लंबित पड़ी शिकायतों के निराकरण के निर्देश देते हुए खासतौर पर राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित 18 शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निराकरण संभव नहीं है, उन्हें नियमों के अनुसार फोर्स क्लोज किया जाए। बैठक के दौरान स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों और साइकिल वितरण की समीक्षा की। उन्होंने साइकिल वितरण की गति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारियों निर्देशित किया है।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**अधिकारियों को दिए चाक-चौबंद व्यवस्था के निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा मासिक निरीक्षण के तहत निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और निर्वाचन शाखा के अधिकारी ओर कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया और संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सीसीटीव्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी जायजा लिया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि कमल आसरानी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर, नोडल अधिकारी ईव्हीएम प्रतिनिधि एसके खर्द, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# मानव कल्याण संगठन ने पकड़ी अवैध शराब



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र के बायपास में भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी पन्ना, दमोह, कटनी के कार्यकर्ताओं ने चार पेटी अवैध शराब पकड़ी है। भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में नशामुक्ति जनांदोलन चलाया जा रहा है। इसी जन आंदोलन के तहत रीठी थानांतर्गत बायपास पर 4 पेटी शराब पकड़ी गई है।

अवैध शराब पुलिस को सूचना देकर पकड़े शराब के तस्करों दमोह निवासी राजेश राय, टीकमगढ़ निवासी जितेन्द्र यादव और एक मोटरसाइकिल सहित चार पेटी पुलिस को सौंपी गई है। गौरतलब है कि भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का मुख्य उद्देश्य नशे, मांस, भय, भूख, भ्रष्टाचार, जातिवाद-छुआछूत और सांप्रदायिकता से मुक्त चेतनावान, चरित्रवान समाज के निर्माण करना है। इसी उद्देश्य के तहत संगठन अपना कार्य कर रहा है।

**सौगात** | वीर सावरकर वार्ड में 81 लाख की लागत से कराए जाएंगे विकास कार्य, महापौर की उपस्थिति हुआ भूमिपूजन

# निर्माण कार्य में नहीं हो गुणवत्ता से खिलवाड़, स्थानीय नागरिक रखें कड़ी नजर



**नवभारत, कटनी।** नगर विकास को गति देते हुए निगम सीमांतर्गत वीर सावरकर वार्ड के नागरिकों को सुगम आवागमन की व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, स्थानीय पार्षद राजेश भास्कर और अन्य पार्षद, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लगभग 81 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड की मुस्कान सोनी से कराया गया। वीर सावरकर वार्ड के नीलकंठ विहार कालोनी आधारकाप में लगभग 81 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। जिनमे नीलकंठ विहार कालोनी आधारकाप में लगभग 5 लाख 92 हजार रुपए से सीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। लगभग 6 लाख 94 हजार रुपए की लागत से भगवान शंकर मंदिर मार्ग का सीमेंटीकरण कार्य कराया जाएगा। इसी क्रम में शंकर मंदिर के आसपास के मार्गों पर लगभग 29 लाख 12 हजार रुपए की लागत से डामल सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। 39 लाख 16 हजार रुपए की लागत से संतोषी माता मंदिर से राजेश दुबे के निवास तक के मार्ग पर डामल सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि विकास कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराए जाएं, ताकि सुविधा का लाभ सभी को लंबे समय तक मिले। उन्होंने निर्माण कार्य के दौरान उपयंत्री को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों को भी निर्माण कार्य में नजर बनाए रखने के लिए कहा। गुणवत्ता को दरकिनार कर निर्माण कराए जाने पर इसकी सूचना देने की बात भी महापौर ने कही। भूमिपूजन कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद, सोनू सचिन बहरे, शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, सुनीता कमलेश चौधरी, अवकाश जायसवाल, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, समाजसेवी अजय सरावगी, उपयंत्री अश्वनी पांडेय सहित स्थनीय लोगों की उपस्थिति रही।



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
-ओपीडी- सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।

Dr.V.B.Khare
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111